રાજસ્થાન પત્રિકા, પૃષ્ઠ નં: ૦૨, દિનાંક: ૦૮.૦૧.૨૦૨૫

# 9 को मोटेरा से गांधीनगर तक प्रभावित रहेगी मेट्रो ट्रेन सेवा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**अहमदाबाद.** मोटेरा से गांधीनगर और गिफ्टसिटी के बीच चल रही मेट्रो की सेवा 9 जनवरी के दिन प्रभावित रहेगी। 9 जनवरी को कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) की ओर से मोटेरा स्टेडियम से सेक्टर-1 और जीएनएलयू से गिफ्ट सिटी स्टेशन तक निरीक्षण का कार्य किया जाएगा। इसे देखते हुए इन दोनों ही सेक्शन के बीच मेट्रो ट्रेन की सेवा 9 जनवरी को सुबह 10.40 से शाम चार बजे तक प्रभावित रहेगी। गांधीनगर सेक्टर-1 से मोटेरा स्टेडियम के लिए अंतिम ट्रेन 9 जनवरी को सुबह 10 बजे चलेगी। जीएनएलयू से गिफ्ट सिटी के लिए अंतिम ट्रेन सुबह 9.15 को चलेगी। शाम चार बजे के बाद मौजूदा समय के तहत ट्रेन शुरू हो जाएगी।